पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राजभवन में कल 21 जून, 2024 को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

——————

योग दिवस–2024 की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' पर योगाचार्य कराएंगे अभ्यासियों को योग

——————

लखनऊ : 20 जून, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से कल राजभवन में 21 जून, 2024 को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। राज्यपाल जी ने स्वस्थ रहने के लिए योग को नियमित आदत में शामिल करने और प्रकृति के साथ योग करने के लिए प्रेरणा दी है। योगाभ्यास की गतिविधियाँ राजभवन में प्रात : 6.00 बजे से प्रारम्भ हो जाएंगी। योग दिवस–2024 की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' पर योगाचार्यों के नेतृत्व में अभ्यासीगण योग करेंगे।

——————

संपर्क :
राम मनोहर त्रिपाठी,
सहायक निदेशक
डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9453005360, 8318116361